an>

Title: Regarding early construction of Chiraiya-Diphi-Ghorasahan road in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने शिवहर संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चिरैया-दिपही-घोड़ासहन रोड की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ। ज्ञात हो कि उक्त सड़क चिरैया एवं घोड़ासहन प्रखण्ड को जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क है जिसकी कुल लम्बाई लगभग 15 किलोमीटर है। सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आवागमन पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आये दिन यहाँ छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में उपरोक्त चिरैया-दिपही-घोड़ासहन रोड के शीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।